**कार्यालय : सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर (नैनीताल)।**

पत्रांक : उ०वि०शि०प०/यू०टी०ई०टी० 2026–विज्ञप्ति 05/169-72/2026–27 दिनांक 15 सितम्बर 2026

**उत्तराखण्ड अध्यापक पात्रता परीक्षा प्रथम एवं द्वितीय (UTET- I &II) 2026 में सम्मिलित होने हेतु प्रवेश–पत्र सम्बन्धी सूचना**

उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर नैनीताल के पत्रांक उ0वि0शि0प0/यू0टी0ई0टी0–2026 विज्ञप्ति 01/77–81/2026–27 दिनांक 14 जुलाई 2026 के क्रम में निर्धारित तिथि तक आवेदन (शुल्क भुगतान सहित) करने वाले समस्त अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि **उत्तराखण्ड अध्यापक पात्रता परीक्षा प्रथम एवं द्वितीय (UTET I&II) 2026 का आयोजन दिनांक 29 सितम्बर 2026 को (क्रमशः प्रातः 10:00 बजे से 12:30 बजे तक UTET-I तथा अपराह्न 02:00 बजे से 04:30 तक UETT-II)** किया जायेगा। समस्त अर्ह (शुल्क भुगतान सहित) **अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र परिषद् की वेबसाइट www.ukutet.com एवं www.ubse.uk.gov.in के DEPARTMENTAL EXAM/UTET टैब पर अपलोड किए जा चुके हैं। अभ्यर्थी अपने रजिस्ट्रेशन नम्बर (पंजीकरण) एवं पासवर्ड अथवा नाम व जन्मतिथि (जैसा आवेदन पत्र में अंकित किया गया है) अंकित कर दिनांक 15 सितम्बर 2026 से अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकेंगे।**

यदि किसी अभ्यर्थी का परीक्षा प्रवेश–पत्र डाउनलोड नहीं हो पा रहा हो और उसके द्वारा विधिवत ऑनलाइन आवेदन किया गया हो तो वह **दिनांक 27 व 28 सितम्बर 2026 को कार्यालय समय में अपने द्वारा परीक्षा हेतु चयनित प्रथम परीक्षा शहर में बने नोडल परीक्षा केन्द्र पर उपस्थित होकर अपना प्रवेश–पत्र प्राप्त कर सकते हैं।** इस हेतु अभ्यर्थी को **ऑनलाइन आवेदन की छायाप्रति, दो पासपोर्ट साइज फोटो** (आवेदन पत्र में अपलोड किये गये फोटो के समान) एवं **फोटो पहचान पत्र** (जैसा कि आवेदन पत्र में अंकित किया गया है) की छायाप्रति प्रस्तुत करनी होगी। परीक्षा शहरवार नोडल परीक्षा केन्द्रों की सूची परिषद् की उक्त वेबसाइट पर उपलब्ध है।

सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्
रामनगर (नैनीताल)।